# झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, राँची, झारखण्ड

मॉडल प्रश्नपत्र वस्तुनिष्ठ–2023–24

| कक्षा–8 | विषय– हिन्दी | समय 01 घंटा | पूर्णांक 50 |
|---|---|---|---|

**सामान्य निर्देशः–**

- सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य है।
- प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है।
- प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं सही विकल्प का चयन कीजिए।
- गलत उत्तर के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएंगे।

---

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उससे दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर का चयन करेंः–**

"कार्निवाल के मैदान में बिजली जगमगा रही थी। हँसी और विनोद का कलनाद गूँज रहा था। मैं खड़ा था उस छोटे फुहारे के पास, जहाँ एक लड़का चुपचाप शरबत पीने वालों को देख रहा था। उसके गले में फटे कुरते के ऊपर से एक मोटी सी सूत की रस्सी पड़ी थी और जेब में कुछ ताश के पत्ते थे। उसके मुँह पर गंभीर विषाद के साथ धैर्य की रेखा थी। मैं उसकी ओर न जाने क्यों आकर्षित हुआ।"

(1) कार्निवाल के मैदान में क्या जगमगा रही थी?

(A) बिजली (B) चाँदनी

(C) सूर्य की रोशनी (D) तारों की रोशनी

(2) कार्निवाल के मैदान में लेखक कहाँ खड़ा था?

(A) होटल के पास (B) झूले के पास

(C) छोटे फुहारे के पास (D) खिलौने वाले के पास

छात्रावास में स्थान पाने हेतु प्रधानाध्यापक को लिखे गए आवेदन–पत्र के रिक्त स्थान को सही विकल्प द्वारा भरें :–

दिनांक 02.09.2023

सेवा में,

श्रीमान ..................3..................महोदय

उच्च विद्यालय, रातू, राँची

महाशय,

सविनय ..........4..................है कि मैं आपके विद्यालय का वर्ग अष्टम का छात्र हूँ और प्रतिदिन दस किलोमीटर दूर से विद्यालय पढ़ने के लिए आया करता हूँ। अतएव मुझे विद्यालय के ..............5..................में स्थान देने की कृपा करें इसके लिए मैं सदा आपका आभारी बना रहूँगा।

आपका आज्ञाकारी छात्र

क ख ग

वर्ग अष्टम

3. (A) मैनेजर (B) एडिटर
   (C) प्रधानाध्यापक (D) डाकपाल

4. (A) निवेदन (B) आदेश
   (C) अपेक्षा (D) उपेक्षा

5. (A) पुस्तकालय (B) अस्पताल
   (C) छात्रावास (D) कार्यालय

## व्याकरण खण्ड

(6) रात तद्‌भव शब्द है, तत्सम शब्द क्या होगा?

(A) रात्रि (B) अंधकार

(C) तिमिर (D) अंधेरा

(7) सूर्य का उचित पर्यायवाची शब्द होगा?

(A) दुनिया (B) सदन

(C) भास्कर (D) नभ

(8) 'तुम' घर जाते हो'– इस वाक्य में 'तुम' क्या है?

(A) सर्वनाम (B) संज्ञा

(C) विशेषण (D) क्रिया

(9) 'शुद्ध' शब्द कौन–सा है?

(A) पारिवारिक (B) पारीवारिक

(C) पारिवरिक (D) परिवारिक

(10) कल मेरे घर में गोपाल आया था इस वाक्य में गोपाल ..................है?

(A) संज्ञा (B) सर्वनाम

(C) विशेषण (D) प्रविशेषण

(11) 'स्वागत' शब्द में कौन–सा उपसर्ग क्या है?

(A) स्व (B) सु

(C) स (D) स्वा

नवोन्मेष शोध नेतृत्व JCERT

(12) 'सार्थक' शब्द का विलोम होगा?

(A) निरर्थक (B) अर्थपूर्ण

(C) निरक्षर (D) साक्षर

(13) 'प्रतिकूल कार्य करना' से संबंधित मुहावरा है?

(A) एड़ी चोटी एक करना (B) ओखली में सिर देना

(C) उल्टी गंगा बहाना (D) आग में घी डालना

(14) 'निराशा' शब्द का संधि विच्छेद होगा?

(A) निर + आशा (B) नि + आशा

(C) निरा + शा (D) निः + आशा

(15) 'नीति' शब्द में इक प्रत्यय लगाने से नया शब्द बनेगा?

(A) नीतिक (B) नतिक

(C) नैतिक (D) नेतिक

(16) 'मान' शब्द में 'अप' उपसर्ग लगाने से नया शब्द क्या बनेगा?

(A) अभिमान (B) अपमान

(C) अपनापन (D) अनजान

(17) 'जय' शब्द का विलोम क्या होगा?

(A) परतंत्र (B) पराजय

(C) पवित्र (D) अशांति

(18) 'अभिनेता' शब्द का स्त्रीलिंग क्या होगा?

(A) अभिनेत्री (B) अभिनेती

(C) अनीति (D) अननीति

(19) 'कमला ने रोटी खाई'—कारक पहचानें:—

(A) कर्ता (B) कर्म

(C) करण (D) अपादान

(20) 'देवनागरी' किसकी लिपि है?

(A) पंजाबी की (B) हिन्दी की

(C) अंग्रेजी की (D) उर्दू की

## <u>पाठय—पुस्तक</u>

(21) 'पुष्प की अभिलाषा' शीर्षक कविता में किसकी इच्छा व्यक्त है?

(A) लता (B) पत्ता

(C) पुष्प (D) फल

(22) 'छोटे जादूगर' के लिए लेखक ने कितने टिकट खरीदकर दिए?

(A) बारह टिकट (B) दस टिकट

(C) सोलह टिकट (D) तेरह टिकट

(23) किसका ज्वर सबसे भयानक होता है?

(A) सत्संग (B) कुसंग

(C) सच्चाई (D) बीमारी

(24) 'पथ की पहचान' शीर्षक कविता में कवि पथ की पहचान करने को कहते है क्योंकि

(A) सफलता प्राप्त करना आसान हो जाता है।

(B) सफलता प्राप्त करना कठिन हो जाता है

(C) पथ पर काँटे होते हैं।

(D) पथ पर गहरी नदी होती हैं।

(25) 'पथ की पहचान' शीर्षक कविता के अनुसार पथ पर कितने राही गए हैं ?

(A) कुछ राही (B) एक–दो राही

(C) अनगिनत राही (D) पाँच राही

(26) 'बड़े भाई साहब' पाठ में बड़े भाई ने छोटे भाई के सामने पढ़ाई का कैसा चित्र खींचा है?

(A) खुशनुमा (B) आड़ा–तिरछा

(C) सीधा (D) भयानक

(27) 'अशोक का शस्त्र त्याग' एकांकी में किस प्रसिद्ध ऐतिहासिक घटना का उल्लेख है?

(A) कलिंग की लड़ाई (B) मगध की लड़ाई

(C) 1857 की क्रांति (D) हल्दी घाटी की लड़ाई

(28) डायन एक अंधविश्वास कविता में बुढ़िया गाँव के किस दिशा में रहती थी ?

(A) पश्चिम (B) उतर

(C) पूरब　　　　(D) दक्षिण

(29) किस किताब में 'डायन' शब्द का उल्लेख नहीं है?

(A) बच्चों की किताब　　　　(B) कानून की किताब

(C) कहानी की किताब　　　　(D) निबंध की किताब

(30) 'अमरूद का पेड़' शीर्षक कहानी के अनुसार लोगों ने किसके प्रति उदासीनता बरती?

(A) अमरूद का पेड़　　　　(B) आम का पेड़

(C) पीपल का पेड़　　　　(D) जामुन का पेड़

(31) अमरूद में आए तीन चार सफेद फूलों के बारे में सर्वप्रथम किसने बतलाया?

(A) घोष बाबू के माली ने　　　　(B) कन्हैया लाल की बूढ़ी पत्नी ने

(C) मिद्दू ने　　　　(D) राखाल ने

(32) 'क्या निराश हुआ जाए' पाठ के अनुसार भारतवर्ष सदा कानून को किस रूप में देखता आ रहा है ?

(A) धर्म के रूप में　　　　(B) सलाह के रूप में

(C) सुझाव के रूप में　　　　(D) परामर्श के रूप में

(33) 'कंडक्टर' लेखक के बच्चों के लिए क्या लेकर आया?

(A) पानी और थोड़ा दूध　　　　(B) मिठाई

(C) चॉकलेट　　　　(D) आईस्क्रीम

(34) 'राम का भरत को संदेश' पाठ किस महाकाव्य का अंश है?

(A) रामायण (B) रामचरितमानस

(C) कवितावली (D) महाभारत

(35) तुलसीदास के अनुसार 'मुखिया' को कैसा होना चाहिए?

(A) मुख के समान (B) आँख के समान

(C) कान के समान (D) दाँत के समान

(36) 'बस की यात्रा' शीर्षक पाठ कैसी रचना है ?

(A) मनोवैज्ञानिक (B) हास्यव्यंग्यात्मक

(C) निबंधात्मक (D) आत्मकथात्मक

(37) बस में कितने मित्र सवार हुए थे?

(A) चार (B) तीन

(C) दो (D) पाँच

(38) 'झारखण्ड के दो सपूत' पाठ के अनुसार जयपाल सिंह को किस खेल से गहरा लगाव था?

(A) हॉकी (B) फुटबॉल

(C) क्रिकेट (D) टेनिस

(39) "छोटानागपुर स्वर्ग का एक टुकड़ा है यह किस पाठ का हिस्सा है"?

(A) बस की यात्रा (B) हुंडरू का जलप्रपात

(C) अमरूद का पेड़ (D) मित्रता

(40) 'हुंडरू का जलप्रपात' का संबंध किस नदी से है?

(A) कोयल (B) कारो

(C) दामोदार (D) स्वर्णरेखा

(41) "बूढ़ी पृथ्वी का दुख" कविता के कवि कौन है ?

(A) निर्मल पुतुल (B) महादेव टोप्पो

(C) वंशीधर श्रीवास्तव (D) माखनलाल चतुर्वेदी

(42) 'गुरू शिष्य' नामक संस्मरण में लेखक ने किसका स्मरण किया है?

(A) आचार्य रामचंद्र शुक्ल (B) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) मुंशी प्रेमचंद (D) ज्ञानरंजन

(43) 'गुरू शिष्य' नामक पाठ में लेखक को किस शहर की याद सता रही थी ?

(A) बनारस (B) इलाहाबाद

(C) कानपुर (D) नई दिल्ली

(44) 'अपराजिता' शीर्षक पाठ के रचनाकार निम्नलिखित में से कौन है?

(A) मुंशी प्रेमचंद (B) शिवानी

(C) ज्ञानरंजन (D) रामचंद्र शुक्ल

(45) डॉ0 चंद्रा के 'अलबम' के अंतिम पृष्ठ पर किसकी तस्वीर थी?

(A) माँ की (B) पिता की

(C) चाचा (D) चाची

(46) डॉ0 चंद्रा ने किसके सफल जीवन की कहानी पढ़ी थी?

(A) डॉ0 जोसेफ (B) डॉ0 वर्गीज

(C) डॉ0 निलसन (D) डॉ0 जेम्स

(47) 'पन्ना–पन्ना बोलता है' पाठ के अनुसार शुभांगी के घर में खुशी का माहौल कब से छाया हुआ है?

(A) सुबह से (B) शाम से

(C) दोपहर से (D) रात से

(48) शुभांगी की बुआ क्या बन गई थी ?

(A) बैंक अधिकारी (B) रेलवे अधिकारी

(C) सैन्य अधिकारी (D) आई0ए0एस0

(49) व्याकरण के प्राचीन ग्रंथ में किसे 'धरम–सुभाव' कहा गया है ?

(A) नदी (B) नहर

(C) तालाब (D) कुआँ

(50) 'तालाब बाँधता धरम सुभाव' पाठ के अनुसार अमावश और पूनों को किसान खेत में क्या नहीं करते थे ?

(A) काम (B) दान

(C) पूजा (D) पाठ

झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, राँची नवोन्मेष शोध नेतृत्व JCERT

---

# ( CLASS - 8 )

## उत्तर पत्रक

| | | |
|---|---|---|
| 1 | A | बिजली |
| 2 | C | छोटे फुहारे के पास |
| 3 | C | प्रधानाध्यापक |
| 4 | A | निवेदन |
| 5 | C | छात्रावास |
| 6 | A | रात्रि |
| 7 | C | भास्कर |
| 8 | A | सर्वनाम |
| 9 | A | पारिवारिक |
| 10 | A | संज्ञा |
| 11 | B | सु |
| 12 | A | निरर्थक |
| 13 | C | उल्टी गंगा बहाना |
| 14 | D | निः+आशा |
| 15 | C | नैतिक |
| 16 | B | अपमान |
| 17 | B | पराजय |
| 18 | A | अभिनेत्री |
| 19 | A | कर्ता |
| 20 | B | हिन्दी की |
| 21 | C | पुष्प की |
| 22 | A | बारह टिकट |
| 23 | B | कुसंग |
| 24 | A | सफलता प्राप्त करना आसान हो जाता है |
| 25 | C | अनगिनत राही |
| 26 | D | भयानक |
| 27 | A | कलिंग की लड़ाई |
| 28 | C | पूरब |
| 29 | B | कानून की किताब |
| 30 | A | अमरूद का पेड़ |
| 31 | C | मिद्दू ने |
| 32 | A | धर्म के रूप में |
| 33 | A | पानी और थोड़ा दूध |
| 34 | B | रामचरितमानस |
| 35 | A | मुख के समान |
| 36 | B | हास्यव्यंग्यात्मक |
| 37 | D | पाँच |
| 38 | A | हॉकी |
| 39 | B | हुंडरू का जलप्रपात |
| 40 | D | स्वर्ण रेखा |
| 41 | A | निर्मला पुतुल |
| 42 | B | आचार्य हजारी प्रसाद द्ववेदी |
| 43 | C | कानपुर |
| 44 | B | शिवानी |
| 45 | A | माँ की |
| 46 | B | डॉ0 वर्गीज |
| 47 | A | सुबह से |
| 48 | D | आई0ए0एस0 |
| 49 | C | तालाब |
| 50 | A | काम |